सख्या-3432/14-2-2014-800(147)/2014

प्रेषक,

डा0 ह्रषिकेश भाष्कर यशोद,
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा मे,

मुख्य वन संरक्षक (केन्द्रीय)
भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
क्षेत्रीय कार्यालय, केन्दीय भवन
पंचम तल सेक्टर एच, अलीगंज विस्तार
लखनऊ।

वन अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 03 नवम्बर, 2014

विषयः- जनपद एटा में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा की गयी घोषणा के अनुपालन में क्रीडा विभाग द्वारा अलीगंज बाहर चुंगी मजरा-कैल्ठा (अलीगंज देहात) के गाटा संख्या- 1212 में स्पोर्टस स्टेडियम के निर्माण हेतु 7.827 हे0 आरक्षित वन भूमि के गैरवानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 13363 वृक्षों के पातन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी के पत्र संख्या-576/11सी-एटा-26 दिनांक 09-10-2014, के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद एटा में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा की गयी घोषणा के अनुपालन में क्रीडा विभाग द्वारा अलीगंज बाहर चुंगी मजरा-कैल्ठा (अलीगंज देहात) के गाटा संख्या-1212 में स्पोर्टस स्टेडियम के निर्माण हेतु 7.827 हे0 आरक्षित वन भूमि के गैरवानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 13363 वृक्षों के पातन की अनुमति का प्रस्ताव अपने स्तर से परीक्षण करने के उपरान्त शासन को उपलब्ध कराया गया। प्रस्ताव के अनुसार उक्त प्रयोजन हेतु मांगी गयी वनभूमि न्यूनतम है और इसके अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नही है। चूँकि प्रश्नगत कार्य जनहित में किया जा रहा है, अतएव प्रश्नगत वनभूमि को गैरवानिकी प्रयोग के लिये दिये जाने में विभाग को कोई आपत्ति नही है। नोडल अधिकारी द्वारा प्रस्तुत उक्त प्रस्ताव से शासन सहमत है।

2- अतएव प्रस्ताव मूल रूपा में (एक प्रति) संलग्न कर प्रेषित है। इसकी इण्टी भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की वेबसाइट(online monitoring of Forest clearances)पर कर दिया गया है, जिसका Proposal संख्या FP/UP/Others/3966/2014 है। कृपया वन(संरक्षण)अधिनियम,1980 के प्राविधानों के तहत स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।

संलग्नक :- यथोपरि।

भवदीय,

(डा0 ह्रषिकेश भाष्कर यशोद)
विशेष सचिव

सख्या-3432(1)/14-2-2014-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ।
2- वन संरक्षक, अलीगढ वृत्त, अलीगढ।
3- जिलाधिकारी, एटा।
4- प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रयाग, एटा।
5- जिला क्रीडा अधिकारी, एटा।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(एम0एल0 शुक्ला)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/go/intra